कवि तिराहे पर कचरा पात्र स्थापित

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहाँपुर। कचरा मुक्त नगर के बनने के पथ पर अग्रसर को ध्यान में रखते हुए कचरे के ठोस निस्तारण हेतु कवि तिराहे पर कचरा-पात्र स्थापित किया।

लोकार्पण मंत्री द्वारा किया गया, महानगर को कचरा मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा कचरा-पात्र स्थापित किया गया। मंत्री द्वारा महानगर वासियों से नाली का मलवा, गोबर, कीचण, घर का मलवा, काँच के बड़े टुकड़े, पानी, जलती वस्तु कचरा पात्र में न डाले जाने की अपील की गई

कचरा पात्र का लोकार्पण करते मंत्री

,जिससे कचरा-पात्र को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके। साथ ही मंत्री द्वारा महानगर वासियों से अपील की गई । उन्होंने कहा कि कचरा पात्र का उचित प्रयोग किया तो यह कम से कम 20 वर्षों तक सेवा दे सकता है। सांसद अरुण कुमार सागर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि, नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ,अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम उपस्थित रहे।